दिनांक 05.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में **Additional Work of Block- A, Block-B & Newly Constructed Block - C (With Civil & Electrical Work) of Bapu Pariksha Parisar at Kumhrar, Patna** कार्य के वित्तीय बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

---

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

1.	कार्य का नाम	-	**Additional Work of Block- A, Block-B & Newly Constructed Block - C (With Civil & Electrical Work) of Bapu Pariksha Parisar at Kumhrar, Patna**
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	-	₹3,07,51,953.00 (बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बिहार का ज्ञापांक 2914 दिनांक 03.01.2026)
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (असैनिक+विद्युत)	-	₹3,06,07,946.00 (मुख्य अभियंता(निरूपण) का पत्रांक 25(नि0)अनु0 दिनांक 07.01.2026)
4.	विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि	-	1.असैनिक ₹1,85,77,420.00 2. विद्युत ₹1,12,98,638.00 **₹2,98,72,060.00**
5.	निविदा आमंत्रण की तिथि	-	05.05.2026
6.	कार्य की अवधि	-	3(तीन)माह
7.	निविदा जमा (अपलोड) करने की प्रारंभ तिथि	-	13.05.2026
8.	निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि	-	09.06.2026
9.	प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान	-	दिनांक 18.05.2026 को 03:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना एवं दिनांक 21.05.2026 को 03:00 बजे अपराह्न मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में।
10.	निविदा प्रसारण का माध्यम	-	ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र
11.	टेन्डर आई0डी0	-	131202
12.	प्रकाशन का पी0आर0 संख्या	-	Hindustan on 07.05.2026 (002479 (BCD) 2026-27)
13.	निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता	-	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 (REGISTRATION WITH BCD IN CLASS 1 WITH REGISTRATION NO. 1220064 VALID UPTO 10.08.2027)

14. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-

कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना के ज्ञापांक 1300 अनु0 दिनांक 24.07.2026 द्वारा सूचित किया गया कि विषयांकित कार्य की पहली निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लिया गया था। तदुपरांत पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त कंडिका-13 में एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 377 अनु0 दिनांक 15.06.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 11.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 18.09.2026 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक किसी भी प्रकार का आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं रहने उपरान्त मुख्य अभियंता(संरचना) के पत्रांक 87(सं0) दिनांक 18.09.2026 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना का पत्रांक 564 अनु0 दिनांक 28.09.2026 द्वारा तकनीकी बीड में **"रिस्पॉन्सिव"** एकमात्र निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर भेजा गया है, जो निम्नप्रकार से हैः-

क्र0 सं0	निविदाकार के नाम	मदों के नाम	परिमाण विपत्र की राशि	उद्धृत दर	उद्धृत राशि
1.	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 (REGISTRATION WITH BCD IN CLASS I WITH REGISTRATION NO. 1220064 VALID UPTO 10.08.2027)	अनुसूचित मद/गैर अनुसूचित मद	₹2,98,72,060.00	0.5% कम	₹2,97,22,699.70

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि निविदाकार DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APARTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 न्यूनतम सफल निविदाकार है। उक्त न्यूनतम सफल निविदाकार द्वारा परिमाण विपत्र की दर से 0.5%(शून्य दशमलव पाँच प्रतिशत)कम दर उद्धृत किया गया है।

निविदाकार के अनुभव प्रमाण-पत्र को सत्यापन उपरांत सत्य पाया गया है।

15. **दिनांक 01.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यूनतम सफल एकमात्र निविदाकार **DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001** को परिमाण विपत्र की दर से **0.5%(शून्य दशमलव पाँच प्रतिशत)कम दर** पर अर्थात **कुल राशि ₹2,97,22,699.00 (दो करोड़ सन्तानवे लाख बाईस हजार छः सौ निनान्वे रूपये)मात्र** पर कार्य आवंटित करने तथा स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने की अनुशंसा के साथ वित्त विभाग, बिहार की अधिसूचना संख्या 7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

16. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

Additional Work of Block- A, Block-B & Newly Constructed Block - C (With Civil & Electrical Work) of Bapu Pariksha Parisar at Kumhrar, Patna कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक 01.10.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, बिहार, पटना	मुख्य अभियंता(संरचना) भ0नि0वि0, बिहार, पटना	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना	सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-08-114/2019 - 113 (सं०) पटना, दिनांक- 05/10/26

प्रतिलिपि-आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/10/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना